Postal Registration No. CHD/0107/2021-2023 Posted at MBU Chandigarh RNI No. CHABIL/2000/3469

हिन्दी/अंग्रेजी मासिक पत्रिका

दीन बन्धु सर छोटूराम

जाट लहर

जाट सभा, चण्डीगढ़ के सौजन्य से प्रकाशित

वर्ष 23 अंक 10 30 अक्तूबर, 2023 मूल्य 5 रुपये

प्रधान की कलम से

महिला आरक्षण का सपना नारी शक्ति वंदन अधिनियम की गूंज में गुम



डा. महेन्द्र सिंह मलिक

महिला आरक्षण बिल पास होने से पिछले दिनों रसोई में काम करती महिला या ईंट भंट्ठों पर जिंदगी खपाती मजदूर को भी ये आभास हो सकता था कि उसके अब संसद और विधानसभा में पहुंचने के रास्ते सरकार ने खोल दिए है लेकिन वास्तविकता और जुमलों में फर्क होता है। 2014 के चुनाव में जिस तरह से 15 लाख खाते में आने की बात हो या 2019 में किसानों की दोगुना आमदनी हो, की तरह अब 2024 के लिए उन्होंने महिला आरक्षण बिल पेश किया है। हाल ही में लोकसभा और राज्यसभा दोनों ने महिला आरक्षण विधेयक 2023 (128वाँ संवैधानिक संशोधन विधेयक) अथवा नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर दिया है और सच्चाई ये है कि अभी इसको हकीकत की जमीन पर उतरना बाकी है। नारी सशक्तिकरण एक सपना है जिसको वास्तव में हकीकत बनाने की जरूरत है? भारत जैसे देश में जहां महिला अधिकारों की स्थिति बेहद बुरी है, पूरी दुनिया के सबसे ज्यादा एनीमिया रोगी भारत की महिलाएं हैं।

इस नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में थोडी बहुत मुलभूत बातें भी जानना जरूरी है। यह विधेयक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिये एक–तिहाई सीटें आरक्षित करता है। यह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा। लेकिन इस बिल में ओबीसी महिलाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा। इस बिल की आवश्यकता क्यों पडी इसके पीछे तर्क ये है कि वर्तमान लोकसभा में 82 महिला सांसद (15.2 प्रतिशत) और राज्यसभा में 31 महिलाएँ (13 प्रतिशत) हैं। जबकि पहली लोकसभा (5 प्रतिशत) के बाद से यह संख्या काफी बढ़ी है लेकिन कई देशों की तुलना में अभी भी काफी कम है। हाल के संयुक्त राष्ट्र महिला आँकड़ों के अनुसार, रवांडा (61 प्रतिशत), क्यूबा (53 प्रतिशत), निकारागुआ (52 प्रतिशत) महिला प्रतिनिधित्व में शीर्ष तीन देश हैं। महिला प्रतिनिधित्व के मामले में बांग्लादेश (21 प्रतिशत) और पाकिस्तान (20 प्रतिशत) भी भारत से आगे हैं। खैर ये बिल एक ना एक दिन तो हकीकत बन ही जाएगा लेकिन सरकारी घोषणा के मुताबिक 2029 से पहले लागु नहीं किया जा सकता।

महिलाओं को कई क्षेत्रों, संसद और राज्य विधान सभाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है लेकिन असली समस्या उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में छिपी है जिस पर प्रधानमंत्री या उनका कोई मंत्री बात तक नहीं करना चाहता है। पीएलएफएस जनवरी–मार्च 2023 के अनुसार आज देश में कार्यबल के बीच श्रम भागीदारी दर (एलपीआर) 45.2 प्रतिशत है लेकिन महिलाओं में, यह निराशाजनक 20.6 प्रतिशत है। सितम्बर 2022 में सुप्रीम कोर्ट में 29 न्यायधीशों में केवल 3 महिला जज थी और जनवरी 2023 में केन्द्रिय मंत्री परिषद में 76 मैम्बर कौंसिल में केवल 14 प्रतिशत यानि 2 कैबिनेट मंत्री सहित कुल 11 महिला मंत्री थी। वर्ष 2021 में 3050239 के पुलिस बल में पुलिस तथा सभी अर्धसैनिक बलों में केवल 8.24 प्रतिशत महिला पुलिस कर्मी तैनात है। इसी प्रकार प्रशासनिक सेवाओं में भी महिला अधिकारियों की संख्या कम है। ओद्योगिक इकाइयों में भी पुरूषों के मुकाबले 18 प्रतिशत कामकाजी महिलाएं है। अधिकांश महिलाएं अपने घरों में काम करने के लिए बाध्य हैं। सभी बच्चों की स्कूली शिक्षा का औसत वर्ष 7–8 वर्ष है। लड़कियों के मामले में यह और भी कम होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त किसान, कामगार और कास्तकारों के बच्चों का 5वीं व छठी कक्षा के बाद स्कूल छोड़ देना और बाल विवाह की मजबूरी आम बात है।

आज देश की किशोरी और महिलाएं पर्याप्त पौष्टिक भोजन से वंचित हैं। 15–49 वर्ष की आयु वर्ग की 57 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया (एनएफएचएस–5) से पीड़ित हैं। निम्न सामाजिक स्थिति, निम्न व्यक्तिगत आय और गृहिणी की जिम्मेदारियों के संयोजन ने महिलाओं को उनके घरों तक सीमित कर दिया है और राजनीतिक क्षेत्र में उनकी भागीदारी को बाधित कर दिया है। राजीव गांधी और पी वी नरसिम्हा राव ने नई जमीन तोड़ते हुए आरक्षण की बदौलत लगभग 13,00,000 महिलाओं को पंचायत और नगर निकायों में निर्वाचित होने में सक्षम बनाया था और चौधरी देवीलाल ने तो इससे आगे बढते हुए महिला मजदूरों को दूध और जापे तक में सरकारी मदद देने का नियम बनाया था।

आज भारत में हर 16 मिनट में एक बलात्कार होता है, हर चार मिनट में एक महिला को उसके ससुराल वालों द्वारा क्रूरता का शिकार होना पड़ता है और हर दिन लगभग 19 दहेज हत्याएँ होती हैं। यहां तक कि हाल ही में पेश किए गए भारतीय न्याय संहिता विधेयक (2023) में भी "वैवाहिक बलात्कार" की घृणित रूप से पुरानी अवधारणा

शेष पेज–2 पर

शेष पेज–1

को बलात्कार घोषित नहीं किया गया है और सरकार है कि केवल इस विधेयक के बहाने ये साबित करने में जुट गई है कि भारत में महिलाओं की स्थिति बदल गई है। विपक्ष ओबीसी महिलाओं के लिए "कोटे के भीतर कोटा" का मुद्दा भी उठा सकता है, जिसे अभी तक इस विधेयक में जगह नहीं मिली है। इससे विपक्ष को इस विधेयक के राजनीतिक प्रभाव को भाजपा के पक्ष में सीमित करने और ओबीसी भावनाओं को अपने पक्ष में जुटाने में मदद मिल सकती है। वर्तमान में यह बिल सत्ता पक्ष व विपक्षी दलों का मात्र चुनावी मुद्दा बनकर रह जायेगा।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम, अपने पिछले संस्करण की तरह, महिलाओं के लिए एससी/एसटी कोटा का एक तिहाई आरक्षण प्रदान करता है। यह प्रावधान भारतीय लोकतंत्र में हाशिये तक गुणात्मक परिवर्तन ला सकता है। यह सबाल्टर्न समूहों की राजनीतिक संस्ती पर पितृसत्तात्मक नियंत्रण की जांच करेगा, जो कि प्रमुख सामाजिक समूहों द्वारा उन पर अपना प्रभाव डालने का परिणाम है। यह भारत में एक नई दलित–बहुजन राजनीति को आकार दे सकता है। बाबा साहब अंबेडकर और कांशीराम जैसे दलित–बहुजन नेताओं और विचारकों ने दलित राजनीति में महिलाओं के लिए जगह बनाने की कोशिश की। महिला आरक्षण विधेयक समर्थन आधार को मजबूत कर सकता है। बड़ी संख्या में महत्वाकांक्षी दलित महिला नेता भी टिकट के लिए भाजपा और अन्य दलों की ओर रुख कर सकती हैं। जैसा कि हम जानते हैं, शिक्षित और उद्यमशील दलितों का एक बड़ा और उभरता हुआ वर्ग राजनीति में भाग लेने का इच्छुक है। सात दशकों के बढ़ते जमीनी स्तर के लोकतंत्र ने दलित महिलाओं का स्थानीय नेतृत्व भी तैयार किया है। ये राजनीतिक रूप से जागरूक, सक्षम निम्नवर्गीय महिलाएं उच्च नेतृत्व की आकांक्षा रखती हैं। यह विधेयक उनमें ऊपर की ओर राजनीतिक गतिशीलता लाएगा।

इस विधेयक द्वारा बनाई गई आशा के दायरे में, कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिनका समाधान किया जाना बाकी है। सबसे पहले, एससी और एसटी के बीच, प्रत्येक राज्य और क्षेत्र में केवल कुछ जातियों और समूहों ने मैदान में प्रवेश करने के लिए राजनीतिक दृश्यता और आर्थिक क्षमता हासिल कर ली है। इसलिए इन बड़े और राजनीतिक रूप से मुखर समूहों की महिलाओं को इन लाभों का एक बड़ा हिस्सा मिल सकता है। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश में 66 एससी समुदायों में से केवल पांच या छह और बिहार में 20 एससी समुदायों में से तीन या चार ने सुरक्षात्मक भेदभाव नीतियों का लाभ उठाया है। यह घटना अन्य भारतीय राज्यों में भी देखी जा सकती है। जनजातीय समुदायों में भी, जो महिलाएं बड़े, अधिक आर्थिक रूप से सशक्त समूहों से आती हैं, वे आ सकती हैं और इन अवसरों का दावा कर सकती हैं।

राजनीतिक दलों के लिए बड़ी चुनौती इन अवसरों को क्षितिज्ञ रूप से वितरित करना है, न कि केवल लंबवत रूप से। लेकिन क्या महिलाओं की भागीदारी राजनीति में एक नई संस्ती का निर्माण करेगी और पितृसत्तात्मक मानदंडों को पीछे धकेल देगी? बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि महिला आरक्षण की ये लाभार्थी जाति, वंश और धर्म जैसी पहचानों के साथ कैसे समझौता करती हैं, जो हमारे चुनावी लोकतंत्र में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। राजनीति में महिला आरक्षण इन तीन तरह से उत्पीड़ित महिलाओं –जो महिला, दलित और गरीब होने का खामियाजा भुगतती हैं –के लिए इन तथ्यों को तोड़–मरोड़कर सशक्तिकरण के रास्ते में बदलने की स्थितियां पैदा करेगा। अब वे राजनीति और नीति निर्धारण में महिलाओं के रूप में, दलित या आदिवासी महिलाओं के रूप में, या सामाजिक रूप से हाशिए पर रहने वाले व्यक्तियों के रूप में अपनी जगह का दावा करेंगी। उन करोडों महिलाओं के भविष्य का अभी कोई रोडमैप सरकार के पास नहीं है जो स्कूल जाने के लिए तरसती हैं।

बडा सवाल यही है कि क्या महिलाओं का आरक्षण वास्तव में महिलाओं को सशक्त करेगा, हमारी पितृसत्तात्मक मानसिकता को बदल देगा और उनके खिलाफ हिंसा को समाप्त कर देगा? न तो लंबे कांग्रेस के शासनकाल में, न ही महिला मुख्यमंत्रियों और न ही लोकसभा की महिला अध्यक्षों के परिणामस्वरूप भारतीय महिलाओं की स्थिति में कोई महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। ये महिला प्रतिनिधि भी पार्टी के अनुशासन से बंधी होंगी और अपने विवेक के बजाय अपनी पार्टी के व्हिप के अनुसार बोलेंगी और मतदान करेंगी। मुजफरनगर दंगों के दौरान भी सत्तर से अधिक मुस्लिम विधायक अप्रभावी साबित हुए थे। वर्तमान लोकसभा की 78 महिला सदस्यों में से अधिकांश महिला एथलीटों के लिए नहीं बोल सकीं जब वे यौन उत्पीड़न और हमले का विरोध कर रही थीं। सरकार को चुनावी लाभ हानि के गणित से हटकर प्रभावी नीति के अनुसार महिला आरक्षण को लागू करना होगा ताकि महिला सशक्तिकरण की स्थिति में वांछित सुधार लाया जा सके।

डॉ० महेन्द्र सिंह मलिक, आई.पी.एस. (सेवा निवृत)
पूर्व पुलिस महा निदेशक हरियाणा,
प्रधान अखिल भारतीय शहीद सम्मान संघर्ष समिति व
जाट सभा, चंडीगढ़ व पंचकूला एवं
चेयरमैन, चौ० छोटूराम सेवा सदन, कटरा, जम्मू

महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती

– जयपाल सिंह पूनियां, एम.ए. इतिहास,
वन मंडल अधिकारी (सेवानिवृत)

महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 ई. में गुजरात के टंकारा नामक स्थान पर हुआ था। स्वामी जी आधुनिक भारत के महान चिन्तक, समाज सुधारक तथा आर्य समाज के संस्थापक थे। इनके बचपन का नाम 'मूलशंकर' था। उन्होंने वेदों के प्रचार और आर्यावर्त को स्वतंत्रता दिलाने के लिए मुम्बई में आर्य समाज की स्थापना की। वे एक महान सन्यासी एवं चिन्तक थे। उन्होंने वेदों की सत्ता को हमेशा सर्वोपरि माना। "वेदों की ओर लौटो" यह उनका प्रमुख नारा था। स्वामी दयानन्द ने वेदों का भाष्य किया इसलिए उन्हें महर्षि कहते हैं क्योंकि वेदों का सरल उचारण केवल ऋषियों द्वारा ही किया जाता रहा है। स्वामी जी ने कर्म सिद्धान्त, पुर्नजन्म, ब्रह्मचर्य तथा सन्यास को अपने दर्शन के चार स्तम्भ बनायें। उन्होंने ही सबसे पहले 1876 ई. में स्वराज का नारा दिया था जिसे बाद में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने आगे बढ़ाया। प्रथम जनगणना के समय स्वामी जी ने आगरा से देश के सभी आर्य समाजियों को यह सन्देश भिजवाया था कि सभी सदस्य अपना धर्म सनातन धर्म लिखवायें क्योंकि हिन्दु शब्द विदेशीयों की देन है और फारसी भाषा में इसका अर्थ चारों और डाकू है। स्वामी जी के विचारों से अनेक महापुरूष प्रभावित हुए जिनमें भिकाजीकामा, भगत सिंह, पं. लेखराम आर्य, स्वामी श्रद्धानन्द, चौ. छोटूराम, पं. गुरूदत्त विधायी, श्यामजी कृष्णा वर्मा, विनायक दामोदर सावरकर, लाला हरदयाल, मदनलाल ढ़ीगरा, रामप्रसाद बिसमिल, महादेव गोविन्द रानाडे, महात्मा हंसराज, ला. लाजपतराय इत्यादि। ला. हंसराज ने 1886 में लाहौर में दयानन्द एंग्लों वैदिक कालेज की स्थापना की। स्वामी श्रद्धानन्द ने 1901 ई. में हरिद्वार के निकट कांगड़ी में गुरूकुल की स्थापना की।

स्वामी जी के पिता का नाम कृष्ण जी लालजी तिवारी था और मां का नाम यशोदा बाई था। उनके पिता एक टैक्स कलैक्टर होने के साथ ब्राह्मण परिवार के एक अमीर, समृद्ध और प्रभावशाली व्यक्ति थे। पण्डित बनने के लिए वे संस्कृत, वेद, शास्त्रों व अन्य धार्मिक पुस्तकों के अध्ययन में लग गए। उनके जीवन में ऐसी बहुत सी घटनाएं हुई, जिन्होंने उन्हें हिन्दु धर्म की पारम्परिक मान्यताओं और ईश्वर के बारे में गम्भीर प्रश्न पुछने के लिए विवश कर दिया। एक बार शिवरात्रि की घटना है। तब वे बालक ही थे। शिवरात्री के उस दिन उनका पूरा परिवार मन्दिर में ही रूका हुआ था। रात्री का जागरण चल रहा था। परिवार के सो जाने के बाद भी वे जागते रहे कि भगवान शिव आयेंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने देखा कि शिवजी के लिए रखे भोग को चूहे खा रहे हैं। यह देखकर स्वामी जी बालक के रूप में बहुत आश्चर्यचकित हुए और सोचने लगे कि जो ईश्वर स्वयं को चढ़ाये गए प्रसाद की रक्षा नहीं कर सकता वह मानवता की क्या रक्षा करेगा? अपने पिता जी से इस बात पर उन्होंने बहुत बहस की और तर्क दिया कि ऐसे असहाय ईश्वर की हमें उपासना नहीं करनी चाहिए। अपनी छोटी बहन और चाचा की जैसे मृत्यु होने पर जीवन मरण के प्रश्न पर चिन्तन करने लगे तो माता–पिता ने बाल्य अवस्था में उनका विवाह करने का निर्णय किया। 19वीं शताब्दी में बाल विवाह की आम प्रथा थी। लेकिन बालक मूलशंकर ने निश्चय किया कि विवाह उनके लिए नहीं बना है और 1846 में वे सत्य की खोज में निकल पड़े।

ज्ञान की खोजः– फाल्गुन कृष्ण संवत 1895 में शिवरात्री के दिन उनके जीवन में एक नया मोड़ आया। उन्हें नया बोध हुआ। वे घर से निकल पड़े और यात्रा करते हुए, वह गुरू विरजानन्द के पास पहुंचे। गुरू जी ने उन्हें पाणिनी व्याकरण, पांतजल–योगसूत्र तथा वेद–वेदांग का अध्ययन कराया। गुरू दक्षिणा में उन्होंने कहा कि विद्या को सफल करके दिखाओं, परोपकार करो, सत्य शास्त्रों का उद्धार करो, मत मतांतरो की अविद्या को मिटाओं, वेदों के प्रकाश से इस अज्ञान रूपी अन्धकार को दूर करो, वैदिक धर्म का अलोक सर्वत्र विकीर्ण करो।

यही तुम्हारी गुरूदक्षिणा है। महर्षि दयानन्द जी ने अनेक स्थानों की यात्रा की। उन्होंने हरिद्वार में कुंभ के समय पाखण्ड खण्डिनी पताका फहराई। उन्होंने अनेक शास्त्रार्थ किए। वे कलकता में बाबू केशवचन्द्र सेन तथा देवेन्द्र नाथ ठाकुर के सम्पर्क में आए। वहीं से उन्होंने पूरे वस्त्र पहनना व हिन्दी में बोलना लिखना प्रारम्भ किया। यहीं पर ही उन्होंने वायसराय को कहा था कि विदेशियों का राज्य भी पूर्ण सुखदाई नहीं है।

आर्य समाज की स्थापनाः– ओऊम का आर्य समाज में ईश्वर का सर्वोत्तम और उपयुक्त नाम माना जाता है। महर्षि दयानन्द ने चैत्र शुकला प्रतिपदा संवत् 1932 (सन् 1875) को गोरे गांव मुम्बई में आर्य समाज की स्थापना की। संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उदेश्य है अर्थात् शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना।

वैचारिक आन्दोलनः– वेदों को छोड़कर अन्य धर्मग्रन्थ का प्रमाण नहीं है। इस सत्य का प्रचार करने के लिए स्वामी जी ने पूरे देश का दौरा किया और जहां–जहां गए प्राचीन परम्परा के पंडित उनसे हार मानते गए। संस्कृत भाषा का उन्हे बहुत ज्ञान था। संस्कृत में वे धारा प्रवाह बोलते थे। साथ ही वे तर्किक भी थे। उन्होंने ईसाई और मुस्लिम धर्मग्रन्थों का भी गहन अध्ययन किया और अपने चेलों से मिलकर सनातन धर्म के हक में तीन–तीन मोर्चों पर संघर्ष आरम्भ किया। दो मोर्चें तो ईस्लाम व ईसाई और तीसरा मोर्चा सनातनी हिन्दुओं का था। स्वामी जी ने बुद्धिवाद की जो मशाल जलाई थी, उसका कोई जवाब नहीं था। मगर सत्य यह था कि पौराणिक ग्रन्थ भी वेद आदि शास्त्र में आते है। सन् 1872 ई. में स्वामी जी कलकता पधारे। वहां देवेन्द्र नाथ ठाकुर और केशवचन्द्र सेन ने उनका बड़ा सत्कार किया। ब्राह्मण समाजियों से उनका विचार विमर्श भी हुआ किन्तु ईसाई मत से प्रभावित ब्राह्मण समाजी विद्वान पुर्नजन्म और खेद की प्रामाणिकता के विषय में स्वामी जी से एकमत नहीं हो सके। कलकता में ही केशवचन्द्र सेन ने स्वामी जी को यह सलाह दी कि यदि आप हिन्दी में बोलना आरम्भ कर दें तो देश का बहुत भला हो सकता है।

10 अप्रैल 1875 ई. को उन्होंने मुम्बई में आर्य समाज की स्थापना की। मुम्बई से लौटकर स्वामी जी इन्द्रप्रस्थ आए। वहां तीनों धर्मों की मिटिंग बुलाई लेकिन कोई सही परिणाम ना निकलने पर वे पंजाब आए यहां लोगों में आर्य समाज के प्रति उत्साह जागृत हुआ। समस्त कृषक समाज ने आर्य समाज के नियमों को अपनाया, क्योंकि कृषक समाज हमेशा पांखण्डवाद के विरूद्ध रहा है। ब्रह्मणों में आर्य समाज के नियम इसलिये नहीं माने क्योंकि ब्राह्मण तो पांखण्डवाद के जन्म दाता रहे हैं।

समाज सुधार के कार्यः– स्वामी जी ने तत्कालीन समाज में फैली व्याप्त कुरीतियों तथा अन्धविश्वासों और रूढ़ीवादी बुराईयों का खण्डन किया जिससे वे सन्यासी योद्धा कहलाएं। वे दलितों के उद्धार के पक्षधर थे। उन्होंने स्त्री शिक्षा के लिए आन्दोलन चलाएं। बाल–विवाह व सतीप्रथा का प्रबल विरोध किया महर्षि दयानन्द समाज सुधारक तथा धार्मिक पुर्नजागरण के प्रवर्तक तो थे ही, वे ब्रह्मचर्य का पालन न करना, विधान पढ़ना–पढ़ाना, बालविवाह, विषयशक्ति, मिथ्या भाषावाद, कुलक्षण वेदविद्या का मित्थमिथ्या अर्थ करना आदि कुकर्म है। आपस में भाई–भाई लड़ते हैं तो तीसरा पंच बनकर फायदा उठाता है। इस तरह की बुराईयों से बचने हेतू सार्थक प्रचार किया गया। सन् 1857 ई. की क्रांति की रूपरेखा भी स्वामी जी के घर पर ही तैयार हुई थी। अपने प्रवचनों में लोगों को राष्ट्रवाद का प्रचार करते थे। 1857 ई. के हरिद्वार कुम्भ के समय स्वामी जी ने आबू पर्वत से हरिद्वार तक पैदल यात्रा की थी। स्वामी दयानन्द जी ने हरिद्वार पहुंचकर एक पहाड़ी पर अलग स्थान पर डेरा जमाया। वहीं पर उन्होंने पांच ऐसे व्यक्तियों से मुलाकात की जो आगे चलकर 1857 की क्रान्ति के कर्णधार बने। इनमें नाना साहब, अजीमुला खां, बाला साहब, तात्यांटोपे तथा बाबू कुवंर सिंह प्रमुख थे। अंग्रेजों को भी स्वामी जी ने करारा जवाब दिया था।

स्वामी दयानन्द के बारे महापुरूषों के विचारः–

1. डॉ. भगवानदास ने कहा था कि स्वामी दयानन्द हिन्दु पुर्नजागरण के मुख्य निर्माता थे।
2. श्रीमती एनी बेसेन्ट का कहना था कि स्वामी दयानन्द पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने आर्यावर्त (भारत) भारतीयों के लिए घोषणा की।
3. सरदार पटेल के अनुसार भारत की स्वतंत्रता की नींव वास्तव में स्वामी दयानन्द ने ही डाली थी।
4. पट्टाभि सितारमैया का विचार था कि गांधी जी राष्ट्रपिता है पर स्वामी दयानन्द राष्ट्र पितामह हैं।
5. फ्रैंच लेखक रोमा रोला के अनुसार स्वामी जी राष्ट्रीय भावना और जन–जागृति को क्रियात्मक रूप देने में प्रगतिशील थे।
6. एक फ्रैंच लेखक रिचर्ड का कहना है कि ऋषि जी का प्रादुर्भाव लोगों को कारागार से मुक्त कराने और जातिबन्धन तोड़ने के लिए हुआ था। उनका आदर्श था आर्यवर्त (भारत) उठ, जाग, आगे बढ़। समय आ गया है नये युग में प्रवेश कर।
7. स्वामी जी बाल गंगाधर तिलक को स्वराज्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार का नारा दे गए।

8. नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने स्वामी जी को आधुनिक भारत का निर्माता माना।
9. अमेरिका की मदाम ब्लेवेटस्की ने आदिशंकराचार्य के बाद बुराई पर सबसे निर्भिक प्रहारक माना।
10. सैयद अहमद खां के शब्दों में स्वामी जी ऐसे विद्वान और श्रेष्ठ व्यक्ति थे जिनका अन्य मतों वाले भी आदर करते थे।
11. वीर सांवरकर ने कहा महर्षि दयानन्द 1857 के संग्राम के सर्वप्रथम योद्धा थे।
12. लाला लाजपतराय ने कहा कि स्वामी दयानन्द ने हमें स्वतंत्र विचारना, बोलना और कर्तव्य पालन करना सिखाया।

स्वामी जी लेखक के रूप में :– स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने कई धार्मिक व समाजिक पुस्तकें लिखी। प्रारम्भ में संस्कृत में लिखी। उसके बाद में हिन्दी में लिखने लगे। हिन्दी को आर्य भाषा घोषित किया गया। उत्तम लेखन के लिए आर्य भाषा का प्रयोग करने वाले स्वामी जी अग्रणी व प्रारम्भिक व्यक्ति थे।

स्वामी जी ने अनेकों ग्रन्थ लिखे और चारों वेदों का सरल भाषा में अनुवाद किया। जिनका वर्णन निम्न प्रकार से हैः–

सत्यार्थ प्रकाश ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका, ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद विषय सूची।

सन् 1881 ई. में गोकरूणानिधि नामक पुस्तक प्रकाशित की, जो कि गोरक्षा आन्दोलन को स्थापित करने में बहुत सहायक सिद्ध हुई।

आर्योदेश्यरनमाला, व्यवहारभानू, स्वीकारपतर।

संस्कृत वाक्य प्रबोधः– यह संस्कृत सिखाने वाली पुस्तिका है।

मृत्युः– स्वामी जी की मृत्यु 10 अक्तूबर 1883 ई. में दीपावली के दिन संध्या के समय हुई। उन दिनों वे जोधपुर महाराजा श्री जसवन्त सिंह के निमन्त्रण पर गए हुए थे क्योंकि महाराजा जसवंत सिंह उनके चरणों में बैठ कर स्वामी जी के प्रवचन सुनते थे। वहां धर्म के ठेकेदार पाखण्डी ब्राह्ममणों के षड़यन्त्र के शिकार हुए, उनको भोजन में विष दे दिया गया। उसके बाद जोधपुर अस्पताल में जहर से ही मृत्यु हुई।

डॉ0 एम.एस. मलिक एक महान शख्सियत, आई.पी.एस., भूतपूर्व डी.जी.पी.(सेवानिवृत)

– बी.एस. गिल, सचिव
जाट सभा

मानवता व सामाजिक भाईचारा की प्रखर आवाज, उच्चकोटि के विचारक व लेखक डॉ० एम.एस. मलिक जी का खेल व सामाजिक क्षेत्र में अतुल्य योगदान है। भारतीय सेना व प्ै प्रशासनिक सेवा के शीर्ष पदों पर रहकर देश की सेवा की। "मानव अधिकार व सुरक्षा बल" शोध पर चीण्क्ण प्राप्त की। निड़ानी का खेल स्कूल आपकी उच्च सोच का परिचायक है। चण्डीगढ़ व पंचकूला एवम् कटरा (जम्मू–निर्माणधीन) बहुउपयोगी भवन आपके अच्छे प्रयासों की देन है। हरियाणा के गांव शामलौं कलां (जीन्द) में16 अक्टूबर, 1946 (01–01–1947) कोभरत सिंह गलिक के पावन संस्कारी आंगन में एक बालक ने जन्म लिया, जिसने आगे चलकर अपने गांव, जिला, प्रदेश व देश का नाम विश्व स्तर पर गौरवान्ति किया जिसे समस्त विश्व डॉ. महेन्द्र सिंह मलिक के नाम से सम्मानपूर्वक जानता है।

प्रारम्भिक शिक्षा गांव के ही विद्यालय में तथा उच्च शिक्षा राजकीय महाविद्यालय जीन्द तथा कुरुक्षेत्र में प्राप्त की।ग्रामीण आंचल से जुड़े होने के कारण कुश्ती में स्वाभाविक रूप से रूचि रही जैसा कि उस समय अधिकांश खेल में रूचि रखने वाले विद्यार्थी अध्ययन में औसतन ही रहते थे। इस भ्रांति पूर्वक चुनौती को स्वीकार करते हुए डा. महेन्द्र सिंह मलिक ड़िघाना उच्च विद्यालय के कुल 42 विद्यार्थियों में से उत्तीर्ण मात्र 2 विद्यार्थियों में से एक रहे। लग्न के पक्के डॉ. महेन्द्र सिंह मलिक जब महाविद्यालय में प्रवेश हेतू गये तब तत्कालीन प्राचार्य श्री एस.एन. राव ने उनकी शिक्षा सम्बन्धि उपलब्धि व भविष्य की शिक्षा के लिए ताना मारा। धुन व लग्न के पक्के छात्र महेन्द्र सिंह मलिक ने उसी दिन उसे ताना या बोली को चुनौती के रूप में लिया व शिक्षा के क्षेत्र में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपनी छात्र जीवन की

उपलब्धियों से न केवल तत्कालीन प्राचार्य महोदय को अपितु पूरे परिवेश को सुखद आश्चर्यचकित कर दिया।

शिक्षा के दम पर ही उस समय सन् 1966 में अपनी मेहनत से 2nd Lieutinent के रूप में मर्ती हुए। दिनांक 23–6–1968 को 2nd Lieutinent के रूप में सेवा प्रारम्भ करने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

इसके बाद उन्होंने आईएएस की परीक्षा दी जिसमें इनको आई.पी.एस. चयनित होने की सफलता मिली। इसके बाद उन्होंने हरियाणा राज्य कैंडर मिला, जहां ये पहले एस.पी. फिर एस.एस.पी के पदों पर रहे। बाद में इनको हरियाणा का डी.जी.पी. लगा दिया गया। इन्होंने अच्छे से प्रशासन चलाया और राज्य में चैन अमन व शान्ति स्थापित की। इनकी अच्छी सेवाओं व अच्छी कार्यप्रणाणी के लिये उल्लेखनीय कार्यों के लिए कभी महामहिम राष्ट्रपति महोदय तो कभी माननीय प्रधानमन्त्री जी द्वारा स्वाधीनता दिवस व गणतन्त्र दिवस पर सम्मानित किया गया जो कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

सेवा कार्य के ऐसे दायित्वों के साथ–साथ खेलों विशेष रूप से कुश्ती के प्रति समर्पण व यूँ कहिये कि कुश्ती विकास के लिए जनून लगातार रहा और जब भी अवसर मिलता अथवा परिस्थितियां अनुकूल होती अपने इसी जज्बे और जन्नुन के कारण कुश्ती के विकास के लिए कुछ न कुछ करते ही रहते हैं।

इसी के अनुरूप गांव निडाणी जिला जीन्द में युवा सरपंच चौ दलीप सिंह के नेतृत्व में मलिक साहब ने चौ. भरत सिंह, मैमोरियल खेल स्कूल निड़ानी तथा भाई सुरेन्द्र सिंह मैमोरियल कन्या विद्ययालय की स्थापना की।

डॉ० महेन्द्र सिंह मलिक, पूर्व पुलिस महानिदेशक, श्रीमती कृष्णा मलिक अध्यक्षा के अनुभवी और कुशल मार्गदर्शन व श्री दलीप सिंह पूर्व सरपंच के सतत् निश्काम सेवाभाव के फलस्वरूप दोनों स्कूलों के छात्र/छात्राओं ने पढ़ाई के साथ राष्ट्रीय/अर्न्ताष्ट्रीय और ओलम्पिक खेलों में मैडल जीत कर लाए। जिन के लिए इन खिलाड़ियों में तीन को भारत के राष्ट्रपति द्वारा अर्जुन अवार्ड से नवाजा गया।

डॉ. महेन्द्र सिंह मलिक जी के मार्गदर्शन में दोनों स्कूल के छात्र/छात्राओं व खिलाड़ियों के अभ्यास रूपी तपस्या करते हुये न केवल मां भारती के क्रीड़ा ध्वज में विश्व प्रतियोगिताओं के 70 से अधिक स्वर्ण पदक लगाकर आभासित किया है, अपितु इन्हीं विद्यालयों के खिलाड़ियों व मेधावी छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के आधार पर Haryana Police, जल–थल नभ तीनों सेनाओं में, अर्द्ध सैनिक बलों CRPF, CISF, BSF, Indo-Tibetin Border Police, Punjab Police, Air Lines, Indian Railways आदि अनेक संस्थाओं में 1000 से ज्यादा सेवारत रहते हुए राष्ट्र के सशक्तिकरण में अपना अतुलनीय योगदान दे रहे है।

उपरोक्त संस्थाओं को कुशलपूर्व मार्गदर्शन के साथ–साथ हाल ही में एक डिफैन्श ट्रैनिंग संस्था भी खोली हे जिसके पहले ही बैच में 15 छात्र एन.डी.ए में भर्ती हो गए हैं। पूर्व महानिदेशक पुलिस, हरियाणा आज भी कई वर्षो से जाट सभा चण्डीगढ़/पंचकूला तथा चौ० छोटूराम सेवा सदन, कटड़ा, जम्मू के एक सफल प्रधान होने के साथ–साथ अन्य कई समाजिक व लोकहित संस्थाओं तथा किसान हितकारी संगठनों के भी प्रधान/अध्यक्ष है। प्रधान की अच्छी और साकारात्मक सोच के कारण ही सभी संस्थाएं सफलतापूर्व कार्यरत व प्रगतिशील हैं। हम सभी आप के आर्दश व्यवहार, सेवा कार्यों व उच्च विचारों की सहराना करते हुये दीर्घायु की कामना करते है।

कहावत है कि प्रतिमा किसी के छुपाये नहीं छुपती है। इसी के अनुरूप डॉ. एम. एस. मलिक जी की संगठनात्मक नेतृत्व की प्रतिमा व क्षमता को देखते हुए उच्च से उच्चतर एवं उच्चतर से उच्चतम दायित्व कुश्ती कल्याण के लिए सौंपे गये जिनमें वर्ष 1985 में हरियाणा कुश्ती संघ का प्रधान, वर्ष 1987 में भारतीय कुश्ती संघ के सम्मानित वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वर्ष 2001 में प्रतिष्ठित भारतीय कुश्ती संघ के माननीय प्रधान/अध्यक्ष, एशियन कुश्ती संघ के उप–प्रधान विश्व कुश्ती संघ के सम्मानित सदस्य, कुश्ती के अतिरिक्त अन्य खेल हॉकी–वॉलीवाल, एथलेटिक्स आदि खेलों के संगठनों में महत्वपूर्ण दायित्व मिला जिसका डॉ. साहब ने सदैव की भांति सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इस प्रकार डॉ० महेन्द्र सिंह मलिक, आई. पी.एस./डी.जी.पी. (सेवानिवृत) अपने सारे जीवन में हर स्टेज पर समाज के लिये विशेषकर जाट समाज क लिये एक आर्दश व्यक्ति साबित हुए हैं। इनके अनुशासन में रहना भी बहुत पसन्द है इसलिये जाट सभा के साथ–साथ अन्य संगठन भी इनकी देखरेख में अनुसाशानात्मक से चल रहे हैं।

चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत.एक विश्वसनीय शख्सियत

– लक्ष्मण सिंह फौगाट

भारत की किसान राजनीति के नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत बेदाग, स्पष्टवादी, दबंग छवि की शख्सियत के व्यक्ति थे, जिन्होंने एक मौजूदा प्रधानमंत्री से रिश्वत से जुड़ा सवाल पूछ लिया था। वो ऐसे किसान नेता थे जो सरकारों तक नहीं जाता था, सरकारें खुद चलकर उनके पास आती थीं...

पी. वी. नरसिम्हा राव सरकार के दौरान हर्षद मेहता कांड हुआ, जिसने राजनीतिक गलियारे में तूफान ला दिया। चौधरी साहब की नरसिम्हा राव जी से ठीक ठाक दोस्ती थी। वे जब चाहते थे मिल लेते थे। उस दौरान कांग्रेस पार्टी राव साहब में आस्था व्यक्त कर रही थी और समर्थकों की भीड़ को तो ऐसा करना ही था। चौधरी साहब उसी दौरान किसानों की समस्या को लेकर प्रधानमंत्री से मिले तो उनसे सीधे पूछ लिया कि क्या आपने एक करोड़ रुपया लिया था?

आजादी के बाद भारत की किसान राजनीति के वे सबसे बड़े किसान नेता थे। वैसे तो आजादी के पहले1917 के बाद कई किसान आंदोलन हुए और महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल से लेकर स्वामी सहजानंद और प्रो. एनजी रंगा जैसे दिग्गज भी उससे जुड़े रहे। आजादी के बाद तमाम इलाकों में किसान संगठन बने और किसानों के कई बड़े नेता उभरे। उस समय किसानों के हितों की कोई पूछताछ नहीं कर रहा था। उन्होंने ऐसे दौर में किसानों को संगठित किया और उनकी आवाज बने जिस समय किसानों को संगठन की सबसे अधिक जरूरत थी। वे जीते जी किसानी की मिशाल बन गए थे। किसानों का ये दिग्गज नेता अपनी सादगी के लिए भी जाना जाता था, वो किसानों के बीच बैठकर खाना खाते थे, आंदोलनों के दौरान भीमंच के बजाए किसानों के बीच बैठते थे। मेरठ आंदोलन से लेकर दिल्ली के बोट क्लब की महापंचायत तक किसान समूह के बीच मिलकर संघर्ष किया। 15 मई 2011 को 76 साल की आयु में उनका निधन हुआ। 15 मई को चौधरी साहब की पुण्य तिथि के रूप में याद किया जाता है। आगे उनके लड़के राकेश चौधरी टिकैत के नेतृत्व में भारत में तीन काले कृषि कानूनों के विरोध में किसानों का जो आंदोलन खड़ा हुआ उसने भारत ही नहीं पूरी दुनिया पर असर डाला। इस एतिहासिक आंदोलन में चौ. साहब ने आखिर पड़ाव तक एक दबंग सिपाही की तरह किसानों का हौसला बढ़ाया व मार्ग दर्शन किया जिस कारण हठधर्मी सरकार को झुकना पड़ा। वही अकेला आंदोलन था, जिसमें विदेशी मीडिया हैरानी के साथ मेरठ, गंगा नहर के किनारे भोपा, सिसौली, शामली और दिल्ली बोर्डर पर पहुंच कर इस संगठन और करिश्माई व्यक्तित्व के तमाम पहलुओं की तलाश करती हुई पायी गयी। चौधरी टिकैत ही है जो ईमानदारी किसानों के लिए खड़े रहे किसानों के आगे कई बार सरकारों को झुकने पर मजबूर करने वाले किसान नेता के रूप मेजाने जाते थे। महेंद्र सिंह टिकैत उदारीकरण की आंधी से किसानों को काफी हद तक बचाया। चौधरी टिकैत के नेतृत्व में किसान आंदोलन ने दो अहम उपलब्धियां हासिल की है। पहला यह कि किसानों के संगठन मे उदारीकरण की आंधी में खेती बाड़ी और भारत के कृषि क्षेत्र को एक हद तक बचा लिया। नीतियों में बदलाव के नाते यह क्षेत्र बेशक प्रभावित हुआ लेकिन ऐसा नहीं जैसा विश्व व्यापार संगठन या बड़े देश चाहते थे। भारत सरकार को किसानों की समस्याओं के नाते कई मोरचों पर झुकना पड़ा। इसके लिए टिकैत दिल्ली ही नहीं विदेश तक आवाज उठाने पहुंचे और जब एक मुस्लिम युवती को न्याय दिलाने के लिए छेड़ा आंदोलन दूसरी अहम बात यह थी कि टिकैत ने उत्तर प्रदेश के पश्चिमी अंचल और समग्र रूप से पूरे राज्य में किसानों को जाति और धर्म में बंटने नहीं दिया। किसान आंदोलन के सबसे अहम पड़ाव यानि करमूखेड़ी बिजलीघर पर हुए पुलिस गोलीकांड में दो नौजवानों जयपाल और अकबर की शहादत को भाकियू ने कभी नहीं भुलाया। उनके नेतृत्व में हुए अधिकतर विशाल पंचायतों की अध्यक्षता सरपंच एनुद्दीन करते थे और मंच संचालन का काम गुलाम मोहम्मद जौला 1967 में मेरठ में भयावह सांप्रदायिक दंगे हुए थे लेकिन टिकैत ने ग्रामीण इलाकों में एकता की मिसाल जलाए रखी। विरोधी हमेशा भारतीय किसान यूनियन (Bhartiya Kisan Union) को जाटों का संगठन बताते रहे, लेकिन अगर जमीन पर आप जाकर देखें तो पता चलता था कि जाट ही नहीं उस जमावड़े में समाज की पूरी धारा समाहित होती थी। उनका सफर आम किसान से महात्मा बनने का सफर था। उनकी आवाज को

हिंदू मुसलमान सभी सुनते थे और मानते थे। 1989 में मुजफरनगर के भोपा क्षेत्र की मुस्लिम युवती नईमा के साथ न्याय के लिए चौधरी साहब ने जो आंदोलन चलाया उसने एक अनूठी एकता का संकेत दिया। हुक्का भी टिकैत साहब का जीवनभर साथी रहा। चौधरी टिकैत के जीवन का सफर कांटों भरा 1935 में मुजफरनगर के सिसौली गांव में जन्मे चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत का पूरा जीवन ग्रामीणों को संगठित करने में बीता। भारतीय किसान यूनियन के गठन के साथ ही 1986 से उनका लगातार प्रयास रहा कि यह अराजनीतिक संगठन बना रहे। मेरठ के घेराव ने किसानों का संगठन और एकता की परिधि को व्यापक बना दिया और उनको एक ईमानदार नायक मिल गया था, जिसके साथ देश के करीब सारे छोटे बड़े किसान जुड़ कर एक झंडे तले आने के लिए उतावले थे। किसानों के हकों के सवाल पर राज्य और केंद्र सरकार से टिकैत की बार बार लड़ाई हुई। लेकिन उन्होंने आंदोलन को अहिंसक बनाए रखा। उनकी राह गांधी की राह थी और सोच में चौधरी चरण सिंह से लेकर स्वामी विवेकानंद तक थी। 110 दिनों तक चला रजबपुर सत्याग्रह हो या फिर दिल्ली में वोट क्लब की महापंचायत, फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार हो या फिर दिल्ली की तिहाड़ जेल उनका जाना, हर आंदोलनों ने किसान यूनियन की ताकत का विस्तार किया। मंच नहीं हुक्का गुड़गुड़ाते भीड़ में बैठते थे टिकैत साहब टिकैत, दिल्ली–लखनऊ कूच का ऐलान करते तो सरकारों के प्रतिनिधि उनको मनाने रिझाने सिसौली रवाना होने लगते। लेकिन टिकैत जो चाहते थे करते वही थे। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक उनके फोन को तरसते थे लेकिन यह उनकी ताकत का असर था जो उनकी सादगी, ईमानदारी और लाखों किसानों में उनके भरोसे के कारण थी।

आंदोलनों में भीड़ को नियंत्रित करना सरल नहीं होता। लेकिन चौधरी साहब ने आंदोलनों को अलग तरीके से चलाया। गांव से महिलाएं खाने पीने की सामग्री, हलवा, पूरी, छाछ, गुड़ इतनी मात्रा में भेजती थीं कि किसान ही नहीं पुलिस, पत्रकार और आम गरीब लोग सब खा पी लेते थे, कम नहीं पड़ता था। हर आंदोलन में टिकैत ने पूर्व सैनिकों को भी जोड़ लेते थे। मेरे मित्र और किसान आंदोलन के तमाम अहम पड़ाव को करीब से देखने वाले अशोक बाल्यान, नरेश सिराही से लेकर तमाम किसान हितैषियों को इस आंदोलन ने पैदा किये। हर आंदोलन में चौधरी टिकैत ने किसानों के वाजिब दाम को केंद्र मे रखा। जीवन भर वे किसानों की लूट के खिलाफ सरकारों को आगाह करते रहे। उनका यह कहना एक हद तक सही है कि अगर 1967 को आधार साल मान कर कृषि उपज और बाकी सामानों की कीमतों का औसत निकाल कर फसलों का दाम तय हो तो एक हद तक किसानों की समस्या हल हो सकती है। चौधरी देवीलाल से दोस्ती चौधरी साहब की एक बड़ी खूबी यह भी थी कि वे दोस्तों के दोस्त थे। अपना कितना भी नुकसान हो जाये इसकी परवाह नहीं करते थे। जब चौधरी देवीलाल को उप प्रधानमंत्री पद से बर्खास्त किया गया तो उनके हाथों मंत्री और मुख्यमंत्री पद तोहफे में पाने वाले भी दुबक गए थे। केवल चौधरी टिकैत थे जो अस्पताल में होने के बावजूद लगातार उनके पक्ष में खड़े रहे। वे केंद्र की सत्ता से इसके बावजूद टकराये कि उनको रोकने के लिए सरकार ने सभी संभव प्रयास किए थे। वे किसानों और ग्रामीण भारत के सच्चे हितैषी और दुरदृषी थे। 15 मई 2011 को 76 साल की आयु में उनका निधन हुआलेकिन किसान आंदोलन आज भी उनकी ही तरफ देखता है। उनको आज भी एक किसान मजदूर व कामगार के मसीहा के रूप में याद किया जाता है।

चौधरी छोटू राम के कुछ संस्मरण

– सूरजभान दहिया

अगर, बकलोल आइंस्टीन आने वाली वीडियो इस बात पर विश्वास नहीं करेगी कि गांधी के रूप में हार्ड मास्क का एक ऐसा पुतला कभी इस पृथ्वी पर चला था तो यह भी सच है कि आने वाली पीढ़ियां इस बात पर भी विश्वास नहीं करेगी कि इस देश में एक ऐसा जननायक भी हुआ था जिसने किसानों को शोषण से मुक्त कराया तो वह अब्राहीम लिंकन किसान की अगली पीढ़ी का किसान मसीहा हो गया। जिसने धार्मिक को अपने प्रांत में अंकुरित ही नहीं होने दिया तो वह शिकागो का स्वामी विवेकानंद हो गया, जिसने कुछ कृषक को उसकी छिनी खेती भूमि पुनः लौटाई तो वह माओ हो गया, जिसने एक जमींदारा पार्टी गठित करके एक सफल प्रयोग बनाकर प्रबल पार्टियों को अप्रभावी करके वह आधुनिक युग का अरस्तु विचारक हो गया यानी –Four in One दीनबंधु छोटू राम।

जब मैं अतीत में झांक कर देखता हूं तो चौधरी छोटू राम के संघर्षमय जीवन तथा महत्वपूर्ण घटनाओं की एक लंबी कड़ी लिखित व मौखिक के रूप में मेरे मन को प्रेरित कर जाती है। कुछ घटनाएं बहुत बड़ी तो, कुछ अति लघु परंतु मार्मिक, अब यह सभी इतिहास बन गई है। यहां मैं उनके छोटे–छोटे कृत्यआपसे सांझा करके आत्मसंतुष्टि का अनुभव करूंगा।

खेती दिन रात का धंधा है और इसमें किसान परिवार के हर सदस्य को जुड़ना पड़ता है। बाजरे की फसल पक चुकी थी और पक्षी अपना पेट भरने के लिए इसकी बालों से दाने निकालकर खा रहे थे। बालक छोटू राम को कहा गया कि वह बाजरे के खेत में जाकर पक्षियों को उड़ाये। वह खेत में जाकर डामचें पर खड़ा होकर गोफियों से पक्षियों को उड़ा रहा था। कुछ देर के बाद वह थक गया और डामचे से उतरकर डोले पर बैठकर कंक्कड़ से पहाड़े लिख लिखकर याद कर रहा था। अचानक उनके पिता वहां आ पहुंचे और छोटू को देखकर उस पर बड़ा गुस्सा हुए और जोर से बोले –छोटू! तैने तै सारा बाजरा चिड़िया को खवा दिया, अर तू डोल पर बैठकर मिट्टी ते खेल रहा सै,छोटूराम बोले – बापू! मैं तो पहाड़े याद कर रहा सू। दो दाणे चिड़ियांखां लेगी तै के होगा? यह सुनकर उनके पिता बोले– हराम के खांगे? छोटू राम बोले –बापू! यो सारा तै बाजरा बणिया ठा ले ज्यागा, हाम तै भूखे के भूखे रोज सोव्वै सै, उनके पिता ने उसे थप्पड़ मार दिया। उसी टाईम छोटू के काका राजे आ गए और बोले –भाई सुखी क्यो छोटू को मारण लागरे सों, सुखी बोल्या – अर यो राजे भी छोटू की वकालत करण नै आ गया।रोवते रोवते छोटू बोल्या –"बापू! वकालत तो मैं करूंगा अर हिसाब किताब भी देखूंगा। आप तौ लूण दो आने का, दो आने का लूण बणिया कै लिखवा कै आपणा गूठा पिसवाते–पिसवाते बुढ्ढे हो लिये – कर्जे पे कर्जा चढ़रा सै। आपतै चले जाओगे, यो कर्जा तै मै ऍं उतारूगां।"

चौधरी छोटू राम ने वकालत की पढ़ाई की और रोहतक कचहरी में आकर बैठ गए। जमीदार के कोर्ट में केस लड़ने लग गए। शहरी वकीलों को चुनौती देने लग गए जो शहरी वकीलो को नागवरा गुजरा। भगवतीपुर की एक राजपूत विधवा का कर्ज का केस कोर्ट में चौधरी छोटू राम ने लड़ा कोई 500 रुपये में मूलधन को नया चुकाने के कारण कोर्ट ने उसकी 200 बीघा जमीन नीलाम करने का फरमान सुना दिया। छोटू राम आग बबुला हो गये।"जज साहिब यह न्याय नहीं अन्याय है। अंधा कानून है और अंधा कोर्ट –इस सिस्टम को तो बदलना पड़ेगा।" यह रोहतक बार काउंसलिंग का ज्वलत किस्सा बन गया, कोर्ट की अवमानना का भी सवाल खड़ा हो गया। परंतु चौधरी छोटूराम ने ठान लिया –कानून तो मैं बदल लूंगा ही। 1937 में चौधरी छोटूराम की जमींदारा पार्टी सरकार बनी। एक झटके में चौधरी छोटूराम वजीर ने किसान विरोधी सारे कानून बदल डाले। पंजाब का किसान कर्जामुक्त व शोषण मुक्त हो गया। उसने पंजाब में नये सूरज को उदय होते देखा। अब आज के किसान की माड़ी हालत का अवलोकन कीजिए। 2014 में भारत के प्रति किसान पर 47000 का कर्ज था जो 2021 में 74000 हो गया। एक किसान है रोज सिर्फ अब 27 रुपए कमाता है उसे तो अच्छी दिहाड़ी मजदूर की है। मजबूरी में किसान आत्महत्या कर रहा है पर इस दर्दनाक गई जानो का सरकार संज्ञान ही नहीं लेती। किसान आत्महत्याओं के आंकड़े दर्ज करने ही बंद कर दिए हैं।यदि कोई किसान बैंक के कर्ज की किस्त नहीं चुका पाता तो उसे तुरंत नोटिस आ जाता है। परंतु सरकार कारपोरेट जगत पर मेहरबान हो जाती है उसके कर्ज तुरंत राइट ऑफ कर दिए जाते हैं। भारत अब Welfare State नहीं है यह तो Farewell(किसान) State बन गई है। सरकार क्या है government is the corporate, by the corporate and for the corporate. 140 करोड़ की आबादी का भारत देश को कार्पोरेटस को आधा–आधा बांट दिया है। किसान तो अब ढ़लते सूरज को देखकर जी रहा है, भारी संकट में है।

9 अप्रैल 1944 को लायलपुर में अखिल भारतीय वर्षीय जाट महासभा का सम्मेलन हुआ था उसमें चौधरी छोटू राम को रहबरे आजम के खिताब से सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर चौधरी छोटू राम ने अपने संबोधन में कहा था जाटकौम ने सभी किसान जातियों को अपने साथ रखकर भूतकाल में अनेक देशों में शासन किया था। जाट एक बहादुर जनहितैषी कौम है, यह दूसरों के मसले भी अपने ऊपर ले लेती है पर वह इस माजरे को नहीं समझता।"जाट जाट को मारे, या मारे करतार" जाट को कोई नहीं मार सकता यदि यहएक जुट रहे। हमने जमींदारा पार्टी में सभी किसान जातियों को एकजुट किया है, इसलिए पंजाब में किसान राज है। भारत की 80 फीसदी से ज्यादा आबादी

किसानो की है, हम इसे एक जूट रखेंगे, भरोसा रखिए मुझ पर भारत में भी किसान राज होगा। आप चौधरी हो तो चौधर अपने पास सुरक्षित रखने की ठाणों, किसी को अपनी जमीन बेचकर पिछलग्गू न बनो। दूसरी पार्टियों आपको तरह–तरह के हथकंड़े अपना कर तोड़ेगी –नहीं टूटना, जिम्मेदार हो, जमींदारा पार्टी में बने रहकर अपने आपको गर्वित बनाए रखो।

आज जो किसानों की दुर्दशा बनी हुई है उसका केवल और केवल एक ही कारण हैकिसान का जाति, धर्म व क्षेत्र के आधार पर विभाजन। चौधरी छोटू राम किसानों को जो सम्मान देते थे ऐसा आगे किसी भी नेता ने नहीं दिया। एक बार चौधरी छोटू राम वजीर अंबाला के दौरे पर थे, वे सदा बी.एससराव आईसीएस (जिन्होंने चंडीगढ़ जाट सभा के लिए प्लॉट अलॉट किया था) के पिता के यहां ठहरते थे। अंबाला के एक अंग्रेज आईसीएस जो अंबाला डिवीजन के कमिश्नर थे, वहां चौधरी छोटू राम से मिलने पहुंचे। उनको चौधरी छोटू राम ने संदेश भेजा –"मैं अभी अपने मालिक को (किसानों का समूह) से आदेश ले रहा हूं कि वह मुझे क्या करने का हुकुम देंगे। जमीदार सरकार के वह स्वामी है और मैं उनका सेवक। मैं तुम्हें बाद में बुलाऊंगा, तुम मेरे कर्मचारी हो, प्रतिक्षा करो, मैं तुम्हें निर्देश तब दूंगा।" इस प्रकार के एक और विवरण का उल्लेख किया जा रहा है– एक जलसे में भजनो उपदेशक चौधरी पृथ्वी सिंह बेधड़क ने अंग्रेजी सरकार की एक भजन द्वारा खुलकर आलोचना की, जिसे सुनकर एक अंग्रेजी अफसर ने चौधरी बेधड़क को कहा कि – "तुरंत इसे बंद करो और बैठ जाओ।" यह सुनकर चौधरी छोटू राम ने उस अफसर को डांटते हुए कहा कि तुम मेरी उपस्थिति में इनके गाने को बंद कराने की हिम्मत कैसे कर बैठे। बेधड़क की जनता है जो टैक्स देती है जिससे आप अपना वेतन पाते हैं। जनता मालिक है आप नहीं। आप इसके नौकर हैं, अपनी औकात समझिए।

एक बार चौधरी छोटू राम जाट कॉलेज मुज्जफरनगर में एक सम्मेलन में मुख्य अतिथि थे। एक वक्त किसानों को शिक्षा क्षेत्र में प्रवेश करके ग्रामीण शिक्षा प्रसार हेतु प्रेरित कर रहे थे। इसके पश्चात वहां के डिप्टी कमिश्नर बोले वह कहने लगे कि किसानों को अपनी खेती तक ही सीमित रहना चाहिए उन्हें शिक्षा की क्या जरूरत है। किसान शिक्षा पाने में तो असक्षम है। फिर चौधरी छोटूराम बोले उन्होंने कहा किसान बड़े दक्ष है वीर है तथा सभी समुदाय के पथ पर दर्शन रहे हैं विश्व के बड़े भूभाग के शासक भी रहे हैं। मुझे तो डिप्टी कमिश्नर बड़े अज्ञानी लगे जिन्हें जाट कोम का इतिहास ही नहीं पता, मैं भी तो इसका का बेटा हूं। मुझे बड़ा आश्चर्य हो रहा है कि किसने आपको जिलाधीश बना दिया। बाद में ड्यूटी कमिश्नर ने समारोह में उपस्थित जनता से माफी मांगी।

ऊपर जो वर्णित किया उससे यही निष्कर्ष निकलता है कि चौधरी छोटू राम कमेरों और ग्रामीणों के हिट मैन एवं मर्यादा के कितने समर्थक थे। उन्होंने जो किसानों के लिए किया वह तो अब नव गीतासार बन चुका है। चौधरी छोटू राम दर्द प्रतिज्ञा किसान मसीहा जन्म आधारित धर्म जाति व्यवस्था के कठोर विरोधी निर्भीकता की सरकार मूर्ति जन संघर्ष से उपजे जननायक ईमानदार एवं कठोर प्रशासक कुशल राज नैतिक कृषि अर्थव्यवस्था एवं भू राजस्व कानून के मार्गसमाज सुधारक राज धर्म के सबसे पालक अन्याय एवं सत्य का प्रत्यक्ष स्थिति में विरोध करने वाले उसूलों पर कभी किसी से कोई समझौता न करने वाले, कट्टर आर्यसमाजी करोड़ के छोटे राम थे। बड़े राम से विनती है कि आज किसान का यहां कोई बारिश नहीं है वह छोटे राम को अपने अवतरित कर दें।

किसान मसीहा चौधरी छोटू राम को हमसे बिछड़े हुए 8 दशक होने को है वह 9 जनवरी 1945 को परलोक चले गए थे। 10 जनवरी 1945 रोहतक शहर उसे दिन अर्थात समुद्र था। नींव से शिखर तक सभी सत्रों के लोग मौजूद थे किसी किसान के एक पैर में लीतर था और एक बार नंगा, किसी की फटा पुराना मटियाला कुर्ता धोती, किसी दुखी दादा ताऊ के अधूरे बंदे खंडवें के दादी ताई काकियों के घुंघट से ढके मुंह, वहां थामे घिलाड़िया। सभी तो अश्रुरों के जलबहाव के साथ जाट स्कूल के ग्राउंड की ओर अग्रसर थे उसे महान जननायक के प्रति प्रतिज्ञा ज्ञापन और श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए जिसने करोड़ों किसानों का मुकदर बदलने के लिए जीवन पर्यंत निस्वार्थ एवं अविरल संघर्ष किया और संपूर्ण सफलता पाई। जब उनकी चिता को अग्नि दी तो आज की ऊंची ऊंची लपेट हर नर नारी को महसूस कर रही थी कि दिवंगत किसान मसीहा की विरासत कौन संभालेगा यह प्रश्न आज भी यू का यों खड़ा है। पहले ही करोड़ों आत्माएं किसान मसीहा के पूनः अवतरित होने की

प्रतिज्ञा में है। लाहौर के शक्ति भवन तथा रोहतक के प्रेम भवन में सन्नाटा है चिंता है ठहराव है यह किसान मंदिर पहले की तरह गति में होने चाहिए।

मंजीठिया परिवार पुनः संकल्प ले रहा है कि जब 1881 में छोटे राम अवतरित हुए तो हमने किसान वाणी लाहौर से दि ट्रिब्यून पर प्रकाशित करके उन्हें जन्मदिन का उपहार दिया था। आज यह अखबार किसी ने हथिया लिया है। कोई बात नहीं है। हे छोटे राम पुनः आ जाओ आपको हम दिल्ली से "जागृत किसान आवाज" अखबार का अमूल्य जन्मदिन उपहार देंगे।

हरियाणा में दैनिक जीवन और धर्म

– मानव प्रदीप

हम हरियाणा के जिस इलाके में रहते हैं उसमें गांव में पूजा के मुख्य स्थलों में खेड़ा, पीर, सती तथा डेरे मुख्यतरू सामूहिक पूजा स्थलों के तौर पर सौ साल पुराने मिल जाते हैं। खेत में अपने पूर्वजों की मढ़ी परिवारों के व्यक्तिगत स्थानों के रूप में हैं। अधिकतर मंदिर पिछले 30–35 सालों में बनें हैं। जिन गांव में पुराने मंदिर हैं वो मुख्यतरू व्यापार के केंद्र रहे हैं तथा व्यापारी वर्ग का उन मंदिरों को बनवाने बड़ा योगदान है। इस क्षेत्र में गांवों में डेरे खूब मिल जाते हैं वो भी गांव की आबादी से दूरी पर हैं जो मुख्यतरू गिरी, पुरी संप्रदाय से संबन्धित संतों के हैं और ये भी बड़े गांवों में ज्यादा हैं। नाथ संप्रदाय के डेरों की विशेषता ये है कि इन्हे यहां पीर कहकर भी पूजा जाता रहा है।

इन बातों का जिक्र इसलिए कर रहा हू कि खेती किसानी पर निर्भर इस क्षेत्र में धर्म दैनिक जीवन के कामों का हिस्सा नहीं था। किसी त्यौहार पर, शादी ब्याह, जीवन मृत्यु से जुड़े अवसर पर धार्मिक विश्वास आस्थानुसार प्रचलन में रहा। दलित जातियों में मन्दिर की धारणा तो बनने ही नहीं दी गई थी, हां लेकिन डेरों की सेवा में दलित परिवारों की भागीदारी फिर भी दिखती थी। दलित परिवारों की बस्तियों में छोटी छोटी मढ़ी बना ली जाती थी या अक्सर त्यौहारों पर अस्थाई मढ़ी बनाने के उदाहरण रहे हैं। स्थितियों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मन्दिर, डेरों में चढ़ावा इतना कम था कि वहां रहने वाले बाबा, पुजारियों को भिक्षा लेने के लिए घर–घर जाना पड़ता था। परिवार अपनी क्षमताओं अनुसार दान दक्षिणा देते थे। बाबाओं, पुजारियों की स्थितियों और निर्भरता को बेहतर बनाने के लिए गांव वालों ने डेरे मंदिरों को जमीनें दान में दी जिनपर लगभग सभी जातियों के लोग कार सेवा करके धार्मिक काम का हिस्सा पूरा करते थे। मन्दिर, डेरों में रोज जाने वाले व्यक्तियों को बहुत बेहतर नहीं माना जाता था। काम करके खाने को ही सबसे बड़े धर्म के रूप में माना जाता था। जातियों में बंटे समाज में अपनी गंदगियो के बावजूद धार्मिक आडम्बरों के लिए बहुत ज्यादा स्वीकार्यता नहीं थी। भगवान के साथ ग्रामीण जीवन में रोज की जद्दोजहद थी जिसमें कभी राम से आस थी तो कभी राम को उलाहना था। राम यहां राजा का बेटा नहीं था। मेरा परिवार ब्राह्मण है लेकिन बावजूद इसके हमारे परिवार में भी त्यौहारों के मौके के अलावा पूजा का कॉन्सेप्ट नहीं था। एकाध परिवार को छोड़कर मुख्यतरू खेती करने वाले परिवार ही रहे ।

मुस्लिम परिवारों में भी पांच वक्ती नमाज यहां के समाज का हिस्सा कभी नहीं रही। सामूहिक धार्मिक आयोजन संकट की स्थिति में ज्यादा किए जाते थे। इस क्षेत्र में अधिकतर गांवों में पहली बार मंदिरों का निर्माण 25–30 साल पहले हुआ है। मेरा गांव पुराना व्यापारिक केंद्र रहा है इसलिए यहां पुराने मन्दिर हैं अन्यथा कुरुक्षेत्र भूमि का हिस्सा होने के बावजूद मंदिरों के प्रति समाज लंबे समय तक सुस्त ही रहा है। डेरों की स्थापना को अगर और गहराई से देखा जाए तो ये भी बड़े गांव या व्यापारिक केंद्रों के नजदीक ज्यादा मिलते हैं। धार्मिक यात्राओं का जिक्र जरूर मिलता है लेकिन वे भी बड़े बड़े परिवारों में इक्का दुक्का उदाहरण ही मिलते हैं ।

हरियाणा का इतिहास-प्रारम्भिक काल

वर्तमान हरियाणा राज्य, देश का वह भाग है जहाँ भारतीय संस्कृति अद्भुत, पल्लवित, विकसित एवं समृद्ध हुई है। इतिहास के प्रारम्भ में यहीं पर उन विचारों, मूल्यों एवं आदर्शों की स्थापना हुई है, जो प्रत्येक युग में भारतीय समाज तथा संस्कृति को दिशा प्रदान करते हैं। प्रागैतिहासिक काल के बाद इतिहास के प्रारम्भ में सर्वप्रथम हमारा परिचय भरत वंश से होता है। इस वंश के लोग भारत में आकर बस गये तथा इन्हीं के नाम पर इस देश का नाम पड़ा। एक पौराणिक

